# कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना, कहा- जनता की समस्याओं पर नहीं हो रही सुनवाई



**फिरोजाबाद।** कांग्रेस पार्टी की ओर से ठारपूठा में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों को लेकर जमकर हमला बोला गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने आरोप लगाया कि जनता को रोजगार, किसानों को खाद-बिजली और आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, लेकिन सरकार समस्याओं के समाधान के बजाय आंदोलन करने वालों पर कार्रवाई कर रही है।

रामनिवास यादव ने कहा कि पढ़े-लिखे युवा नौकरी के लिए भटक रहे हैं, किसान खाद और बिजली के लिए परेशान हैं तथा आम जनता अपनी बुनियादी जरूरतों को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर है। उन्होंने दावा किया कि सरकार जनता की आवाज सुनने के बजाय विरोध प्रदर्शनों को दबाने का प्रयास कर रही है। उनका कहना था कि जनता अब कांग्रेस से उम्मीदें लगाए बैठी है।

जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना पैसे के लोगों के छोटे-छोटे काम भी नहीं हो रहे हैं और शिकायतों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी।

कार्यक्रम में महासचिव मातादीन पीपल और बिहारी लाल पहलवान ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता अलवर सिंह यादव ने की, जबकि संचालन धर्मेंद्र यादव ने किया।

इस दौरान हरिओम, राजू यादव, राहुल शाक्य, विजय कुमार शर्मा, वेद प्रकाश, महीपाल, मोहम्मद सलीम, रूप सिंह कुशवाहा, प्रहलाद कुशवाहा, संतोष सविता, राजेश कुमार, सरिता यादव, भूरी सिंह, सुनील कुमार, पप्पू, रामनरेश, भगवान दास सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मकान गिरने से घर का सामान हुआ नष्ट, बुजुर्ग को लगी मामूली चोट

**जसराना।** थाना जसराना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नगला रामा में शुक्रवार की सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहाँ एक रिहायशी मकान अचानक भरभराकर गिर गया, जिससे पूरे गाँव में हड़कंप मच गया। मलबे की चपेट में आने से एक बुजुर्ग मामूली रूप से घायल हो गया। जबकि घर में रखा सारा घरेलू सामान दबकर नष्ट हो गया।नगला रामा निवासी ओमवीर सिंह का परिवार रोजाना की तरह अपने घर में सो रहा था। शुक्रवार तड़के अचानक मकान की छत और दीवारें ढह गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते, चारों तरफ मलबे का गुबार और चीख-पुकार मच गई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े और राहत कार्य शुरू किया। मकान मालिक ओमवीर सिंह ने बताया कि हादसे के वक्त परिवार के सभी सदस्य घर के भीतर ही लेटे हुए थे। मकान गिरते ही वहाँ सो रहे लायक सिंह मलबे के नीचे दब गए, जिससे वह घायल हो गए। ग्रामीणों ने भारी मशक्कत के बाद मलबे को हटाकर लायक सिंह को बाहर निकाला और तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। गनीमत यह रही कि समय रहते लोग मलबे से बाहर निकल आए, वरना कोई बड़ी जनहानि हो सकती थी। पीड़ित परिवार ने रोते हुए बताया कि इस हादसे में उनकी जीवनभर की कमाई पल भर में उजड़ गई।

# जिम में चोरी, कई कुंतल लोहे का सामान ले गए चोर; सिकंदरा पुलिस की गश्त पर उठे सवाल



**सिकंदरा (अग्र भारत)।** थाना क्षेत्र की रुनकता चौकी के अंतर्गत कस्बा में हाईवे किनारे संचालित एक जिम में चोरों ने धावा बोलकर करीब एक लाख रुपये मूल्य के जिम उपकरण चोरी कर लिए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बावजूद पुलिस की कार्रवाई की रफ्तार पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि उपलब्ध साक्ष्यों के बावजूद आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच तक नहीं की गई।

जानकारी के अनुसार, हाईवे किनारे स्थित बजरंग जिम के संचालक पिंटू बघेल मंगलवार रात करीब 10 बजे जिम बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह जब वह जिम पहुंचे तो अंदर रखा भारी मात्रा में सामान गायब मिला। चोर कई डंबल, वजन प्लेटें, रॉड समेत कई कुंतल लोहे का सामान चोरी कर ले गए।जिम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में मंगलवार रात करीब एक बजे कुछ संदिग्ध जिम के अंदर दिखाई दे रहे हैं। फुटेज के अनुसार चोर पहले जिम में रखी सीढ़ी उठाते हैं और उसी की मदद से भारी जिम उपकरण बाहर निकालकर ले जाते हैं। बताया जा रहा है कि चोरी हुए सामान की कीमत करीब एक लाख रुपये है।

पीड़ित ने घटना की सूचना रुनकता चौकी पुलिस को दी और सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराई। आरोप है कि फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस ने आसपास लगे अन्य कैमरों की जांच या संदिग्धों की तलाश में अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाई। जिम संचालक का कहना है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई होती तो चोरी का सामान और आरोपी पकड़े जा सकते थे। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है ।

## समय पर युवक ने बचाई बुजुर्ग की जान

**आगरा।** यमुना में कूदने जा रहे एक बुजुर्ग को समय पर युवक ने बचा लिया। बुजुर्ग पारिवारिक झगड़े से परेशान होकर यह कदम उठा रहा। सूचना पर पुलिस और परिवारजन मौके पर पहुंचे। बेटे उनको अपने साथ वापस घर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम को एक बुजुर्ग आंबेडकर पुल पर पहुंचे। उन्होंने रेलिंग पर अपने मोबाइल और अन्य दस्तावेज जेब से निकालकर रखे। जिसके बाद वह यमुना में कूदने के लिए रेलिंग पर चढ़े। तभी एक युवक वहा से गुजर रहा था जिसने बुजुर्ग को यमुना में कूदने से पूर्व ही बचा लिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उनको शांत किया। जिसके बाद बुजुर्ग ने बताया कि उसके बेटे उसके साथ मारपीट करते है और बहुएं उसको सही से खाना नहीं देती है। जिसके बाद बुजुर्ग के बेटे भी मौके पर पहुंचे लेकिन उन्होंने पिता की बातों को गलत बताते हुए आरोप लगाया कि उनके पिता अक्सर शराब पीकर इस तरह की हरकत करते है और परिवार को परेशान करते है वही कुछ देर बाद बेटे बुजुर्ग पिता को अपने साथ वापस घर ले गए। मामले में चौकी इंचार्ज आदित्य वाजपेई ने बताया कि चौकी पर कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।



## ओवरटेक के दौरान अनियंत्रित होकर खेत में पलटी कार, सभी यात्री सुरक्षित

### हाइड्रा की मदद से बाहर निकाली गई कार, दक्षिणी बाईपास पर टला बड़ा हादसा

अग्र भारत संवाददाता

**किरावली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दक्षिणी बाईपास पर शुक्रवार दोपहर नगला खाड़िया कट के पास एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। संयोगवश कार में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए और किसी को कोई चोट नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस और टोल प्रबंधन की टीम ने हाइड्रा की सहायता से कार को खेत से बाहर निकलवाया। जानकारी के अनुसार, कार संख्या MP-04-YP-5161 मथुरा से परिक्रमा कर ग्वालियर जा रही थी। कार को मध्य प्रदेश के भोपाल निवासी युवराज सिंह पुत्र लाखन सिंह चला रहे थे। उनके साथ परिवार के तीन अन्य सदस्य और बच्चे भी सवार थे। बताया गया कि दक्षिणी बाईपास पर नगला खाड़िया कट के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ओवरटेक किया। इसी दौरान कार चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क से नीचे उतरकर खेत में पलट गया। हादसा होते ही आसपास के लोगों की भीड़।जमा हो गई।घटना की सूचना पर पुलिस और टोल प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद हाइड्रा मशीन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त कार को खेत से बाहर निकाला गया। इस हादसे में किसी के घायल न होने से सभी ने राहत की सांस ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और यातायात व्यवस्था सुचारु कराई।



## संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती पर निकली कलश वंदन यात्रा का फिरोजाबाद में भव्य स्वागत



**फिरोजाबाद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पावन नगरी काशी (वाराणसी) से प्रारंभ हुई कलश वंदन यात्रा के फिरोजाबाद महानगर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई द्वारा भव्य एवं श्रद्धापूर्ण स्वागत किया गया। यात्रा के आगमन उपरांत भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, फिरोजाबाद में पवित्र कलश का विधि-विधान से पूजन एवं वंदन किया गया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए सामाजिक समरसता और राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया। महानगर जिला अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर कलश वंदन यात्रा का अभिनंदन किया तथा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के समरसता, समानता, मानवता और सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज का जीवन समाज में समता, सामाजिक न्याय, बंधुत्व और मानवीय मूल्यों की स्थापना का प्रेरणास्रोत है। भारतीय जनता पार्टी उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने तथा सामाजिक समरसता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में समरसता संकल्प अभियान का संचालन कर रही है। कार्यक्रम में अभियान के महानगर संयोजक एवं भाजपा महानगर उपाध्यक्ष डॉ. एस.पी. लहरी, अनुसूचित जाति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष हरी बाबू दिवाकर, नामित पार्षद केशव देव शंखवार, मंडल महामंत्री रविंद्र शंखवार, दिलीप सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संत गुरु रविदास महाराज के बताए मार्ग पर चलने, समाज में समरसता, सद्भाव और समान अवसरों की भावना को सशक्त बनाने तथा अभियान को प्रत्येक वार्ड एवं प्रत्येक समाज तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष नानक चंद्र अग्रवाल, बीएल वर्मा, महामंत्री आनंद अग्रवाल, प्रमोद पाल बघेल, महानगर उपाध्यक्ष रामनरेश कटरा, केशव सिंह फौजी, महानगर मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता, विमलेश जाटव, राम लड़ैती, अनुपम शर्मा, के.के. गांधी, नीता धनगर, आकृति सहयोगी गीता राठौर, मंडल अध्यक्ष क्रमशः गौतम कुशवाहा, प्राचीन गुप्ता, सत्य प्रकाश यादव, देश दीपक गुप्ता, लायक सिंह शंखवार, अनार सिंह कुशवाहा, भारत सिंह वर्मा, गौरव बघेल, कारण राठौर तथा भारतीय जनता पार्टी महानगर के अनेक पदाधिकारी, मोर्चों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आधा किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**जसराना।** थाना जसराना पुलिस आधा किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। युवक पर पहले से चोरी, लूट एवं अन्य मामलों की आठ प्राथमिकी दर्ज हैं। थाना जसराना पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि रामा तिराहे के पास एक युवक गांजा के साथ मौजूद है। पुलिस ने आनन-फानन में युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को युवक के पास से 490 ग्राम गांजा मिला। थाना प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह? गुर्जर ने बताया कि आरोपी भानू प्रताप निवासी ग्राम झपारा थाना जसराना के ?खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी पर पहले से आठ प्राथमिकी दर्ज हैं।

## महुअर पुल पर बड़ा हादसा टला, पीछे लौटते ट्रक से बचने को पुल से कूदा युवक; पैर टूटा



अग्र भारत संवाददाता

**किरावली।** दक्षिणी बाईपास स्थित महुअर पुल पर शुक्रवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। पुल की चढ़ाई पर अचानक पीछे लौटने लगे लोडिंग ट्रक से बचने के प्रयास में एक युवक पुल से नीचे कूद गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पैर में फ्रैक्चर होने की आशंका है। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरावली में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, घायल की पहचान पुष्पेंद्र उर्फ भोला पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी मलपुरा के रूप में हुई है। वह किरावली से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह महुअर कट से दक्षिणी बाईपास पर चढ़ा, उसके आगे चल रहा एक लोडिंग ट्रक पुल की चढ़ाई पर अचानक रुक गया और फिर पीछे की ओर लुढ़कने लगा।अचानक ट्रक को अपनी ओर पीछे आते देख पुष्पेंद्र घबरा गया। टक्कर से बचने के लिए उसने हड़बड़ी में पुल से नीचे छलांग लगा दी। नीचे गिरने से उसके पैर में गंभीर चोट आई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरावली भिजवाया, जहां उसका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि युवक समय रहते पुल से नहीं कूदता तो ट्रक की चपेट में आने से बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

# खुशबू मिस फ्रेशर एवं अर्पित बने मिस्टर फ्रेशर

### जेएस विश्वविद्यालय में ओथ टेकिंग सेरेमनी एवं फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

### नर्सिंग विद्यार्थियों ने प्रज्वलित मोमबत्तियों के साथ ली फ्लोरेंस नाइटिंगेल प्लेज











**शिकोहाबाद।** जेएस विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज़ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025.26 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागतार्थ ओथ टेकिंग सेरेमनी एवं फ्रेशर्स पार्टी का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया। इस दौरान कार्यक्रम में खुशबू को मिस फ्रेशर और अर्पित को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ गीता यादव,कुलपति डॉ. बी एन पाण्डेय,उप कुलसचिव डॉ. यतेन्द्र कुमार शर्मा,उप कुलसचिव जयवीर सिंह (दद्दू) संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया।मुख्य अतिथियों ने कहा कि नर्सिंग केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से करुणा, अनुशासन, समर्पण,संवेदनशीलता एवं व्यावसायिक नैतिकता को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ओथ टेकिंग सेरेमनी रही, जिसमें बीएससी नर्सिंग बैच 2023.24, 2024.25 एवं 2025.26 के विद्यार्थियों ने हाथों में प्रज्ज्वलित मोमबत्तियाँ लेकर फ्लोरेंस नाइटिंगेल प्लेज ग्रहण की। नर्सिंग प्राचार्य डॉ राम अवतार त्यागी ने विद्यार्थियों को रोगीसेवा, निष्ठा एवं मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं फ्रेशर्स प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नृत्य,भाषण,माइम एवं अन्य प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में खुशबू को मिस फ्रेशर तथा अर्पित यादव को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम के समापन पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रेरणादायी आयोजन के लिए नर्सिंग प्राचार्य डॉ राम अवतार सिंह त्यागी एवं समस्त नर्सिंग शिक्षकगण को बधाई दी। संचालन प्रिंस यादव एवं शुभांजली यादव ने किया। इस अवसर पर अभिषेक यादव,डॉ सुखेन्द्र यादव,संदीप यादव,डॉ भावना बैजल,करण राजपूत,शोभित,वंदना यादव एवं शोभा बघेल सहित विश्वविद्यालय एवं नर्सिंग संस्थान के समस्त शिक्षक.शिक्षिकाएँ तथा बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएँ उपस्थित रहे।

## मौसी के घर रह रही किशोरी नहर में कूदी, तलाश जारी

**शिकोहाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव मोहब्बतपुर अहीर में अपनी मौसी के यहां रह रही एक किशोरी किन्हीं कारणों से क्षुब्ध होकर छीछामई नहर पुल पर पहुंची और वहां अपनी चप्पल उतार कर नहर में कूद गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने किशोरी को नहर में कूदते हुए देखा। सूचना पर युवती के मौसी के परिवार के लोग और उसके स्वजन भी नहर पर पहुंच गए। पुलिस ने पीएसी गोताखोरों को बुलाया। शुक्रवार सुबह से गोताखोर नहर में स्टीमर से उसकी तलाश कर रहे हैं।

हाथवंत क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी अपनी मौसी निवासी मोहब्बतपुर अहीर के यहां रह रही थी। मौसी ही उसको पढ़ा लिखा रही थी। गुरुवार सुबह किशोरी घर से निकल आई और छीछामई नहर पुल के समीप अपनी चप्पलें उतार कर नहर में कूद गई। जब दोपहर तक किशोरी घर नहीं पहुंची तो स्वजनों ने तलाश की। उसकी चप्पलें नहर किनारे रखी मिलीं। स्वजनों ने उसकी तलाश की और थाने में तहरीर भी दी। पुलिस ने किशोरी की तलाश के लिए आगरा पीएसी के गोताखोरों को बुलाया। शुक्रवार सुबह से ही पीएसी गोताखोर नहर में स्टीमर डाल कर उसकी तलाश कर रहे हैं। लेकिन देर शाम तक किशोरी का कोई पता नहीं चला है। किशोरी के मौसी के घरवाले और उसके स्वजन उसकी सलामती के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने किशोरी के स्वजनों की शिकायत के आधार पर एक युवक को हिरासत में भी लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उनका आरोप है कि युवक उसे धमकी देता था।

## संदिग्ध अवस्था में युवक ने खाया विषाक्त, रेफर

**शिकोहाबाद।** कटरा मीरा निवासी एक युवक ने किन्हीं कारणों के चलते संदिग्ध अवस्था में विषाक्त का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। स्वजन उसको लेकर अस्पताल आए। इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे फिरोजाबाद मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

कटरा मीरा निवासी मुस्तकीम (32) ने किन्हीं कारणों के चलते शुक्रवार दोपहर विषाक्त का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत खराब होने लगी। जब इसकी जाकारी स्वजनों को हुई तो वह उसको लेकर अस्पताल आए। इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने उसे प्राथमिक उपचार दिया और हालत में सुधार ना आने पर उसे फिरोजाबाद मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल राह है।

## घर में घुसकर युवती को खींच कर बाहर लाए, अभद्रता

**शिकोहाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव में एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि 28 जुलाई की राति दस बजे उसकी बेटी घर में थी। तभी गांव के ही तीन लोग गाली गलौज करते हुए घर में घुस आए और उसकी बेटी को पकड़ कर खींच कर बाहर लाए और अभद्रता की। इतना ही नहीं उसके घर में रखा सामान में तोड़फोड़ की और फेंक दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी अजंट सिंह ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि 28 जुलाई की रात दस बजे उसकी बेटी घर में अकेली थी। तभी गांव के उदयवीर, सनी व सचिन तीनों भाई गाली गलौज करते हुए उसके घर में घुस आए और उसकी बेटी के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज कर उसका हाथ पकड़ कर मरोड़ दिया। घर में रखा सामान फेंक दिया। इतना ही नहीं चाकू से उसके ऊपर बार करते हुए उसे घर से घसीटते हुए बाहर लाए और अभद्रता की। उसका शोर शराबा सुन कर गांव के अन्य महिला-पुरुष आए जिन्हें देख कर उक्त तीनों भाई जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इसके बाद वह लोग अपने घरों से चढ़ कर पथराव करने लगे। जिससे उसकी बेटी और परिवार के अन्य लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर अनुज कुमार का कहना है कि दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## खेत पर घास लेने गई महिला को पीटा

**शिकोहाबाद।** चितावली निवासी पूनम ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि 24 जुलाई की शाम सात बजे वह खेत पर घास लेने गई थी। जैसे ही वह खेत पर पहुंची, तो वहां पहले से घात लगाए बैठे गांव के रवी और उसकी भावी व सुखदेवी ने उसे पकड़ लिया और मारपीट की। जिससे उसके गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर रवि, सुखदेवी और धर्मवीर की पत्नी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं नौशहरा निवासी मिथलेश पत्नी उमेश कुशवाहा ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि 26 जुलाई की शाम सात बजे वह घर पर अकेली थी। तभी पडोसी गिरजादेवी, किशनपाल, घियानू, ललिता उर्फ ललित, श्यामा उसके घर में घुस आए और गाली गलौज कर मार पीट करने लगे। जिससे उसके शरीर में गुम चोट आई हैं। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की भी धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुत्र और उसके दोस्त पर मारपीट का आरोप

**शिकोहाबाद।** मोहनीपुर दखिनारा निवासी कृपाल सिंह ने अपने पुत्र और उसके दोस्त पर घर में आकर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। वहीं महिला ने पति के विरुद्द प्राथमिकी दर्ज कराई है। मोहनीपुर दखिनारा निवासी कृपाल सिंह ने कहा है कि उसका परिवार 28 जुलाई को नेजा लेकर बृहम्माणी देवी पर गया था। वह घर पर अकेला था। तभी उसका बेटा आनंद कुमार अपने दोस्त के साथ घर आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। उसने उसके सिर में डंडा मार दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। आरोप है कि उसका बेटा उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आनन्द कुमार और उसके दोस्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं आवास विकास कालोनी निवासी सुनीता ने अपने पति विवेक कुमार पर मारपीट करने और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दीहै। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति विवेक कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दुकान से घर लौट रहे बाइक सवार को घेर कर पीटा, प्राथमिकी दर्ज

**शिकोहाबाद।** दुकान से घर लौट रहे बाइक सवार को गुरुवार शाम पांच बजे के करीब स्टेशन रोड पर सुभाष पार्क के समीप घेर लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान उनकी जेब में रखे गल्ले के पैसे भी कहीं गिर गये। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मोहल्ला शंभूनगर निवासी रूबी पत्नी विमलेश ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि बुधवार रात लगभग नौ बजे वह और उसका पति अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। तभी नीलेश निवासी लेबर कालोनी ने रास्ते में हमें रोक कर हमारे साथ मारपीट की और हमारे पैसे जो गल्ले के थे, वो वहीं गिर पड़े। इसके बाद गुरुवार को शाम पौने पांच बजे के करीब उसका पति मोटर साइकिल से दुकान से घर लौट रहा था।